# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 29.07.2026

*थाना मड़िहान पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित बाल अपचारी सहित 03 चोर गिरफ्तार/हिरासत, चोरी के बैटरी व मोनो ब्लाक बरामद —*

थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 31.07.2026 को वादी अलीशेर पुत्र बन्धु निवासी मटिहानी थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरूद्ध खेत पर लगे मोनो ब्लाक व बैटरी चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-190/2026 धारा 305(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी के माल की बरामदगी कराने हेतु थाना प्रभारी मड़िहान को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी की घटना के अनावरण हेतु भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए आज दिनांकः 01.08.2026 को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रकाश में आये 01 बाल अपचारी व 02 अभियुक्त 1. मोहित प्रजापति पुत्र राकेश प्रजापति निवासी ग्राम राजापुर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर व 2. रोहन यादव पुत्र लल्लू यादव निवासी ग्राम राजापुर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 305(2),317(2) बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गयी 04 अदद बैटरी व 03 अदद मोनो ब्लाक बरामद किया गया। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा/बाल सुधार गृह भेजा गया।

***नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —***

1. मोहित प्रजापति पुत्र राकेश प्रजापति निवासी ग्राम राजापुर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर, उम्र 22 वर्ष।
2. रोहन यादव पुत्र लल्लू यादव निवासी ग्राम राजापुर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर, उम्र -19 वर्ष।
3. बाल अपचारी (01 नफर)

***विवरण बरामदगी —***

04 अदद बैटरी व 03 अदद मोनो ब्लाक बरामद।

***पंजीकृत अभियोग-***

मु0अ0सं0-190/2026 धारा 305(2),317(2) बीएनएस थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

***गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—***

प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य मय पुलिस टीम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

उप निरीक्षक राजाराम यादव मय पुलिस टीम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

